## खबर संक्षेप



### भैया दूज भाई-बहन के रिश्ते का उत्सव : डॉ. गुप्ता

**पानीपत।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को तिलक लगाकर भैया दूज का पर्व मनाया। इस मौके पर उन्होंने सीएम सैनी को मिठाई खिलाई और उनकी दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। डा. अर्चना गुप्ता ने प्रदेशवासियों को भाई-दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी।डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भैया दूज का यह पर्व सौहार्द, स्नेह और संस्कार का सुंदर प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार परिवार को एक साथ लाता है, भारतीय संस्कृति और मूल्यों को दर्शाता है साथ ही भाई-बहन के रिश्ते को और गहरा बनाता है।

### 2 को फरीदाबाद में होगा युवा योद्धा सम्मेलन

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने युवा योद्धा सम्मेलन अभियान के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए अगले सम्मेलन की घोषणा कर दी है। जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने बताया कि जेजेपी दो नवंबर को फरीदाबाद जिले में युवा योद्धा सम्मेलन करेगी, जो कि तीसरा जिला सम्मेलन होगा। इससे पहले जेजेपी ने सिरसा और कैथल जिले में शानदार युवा योद्धा सम्मेलन करके युवाओं की आवाज को उठाया था।

### पलवल के आगरा चौक का होगा सौंदर्यीकरण

**चंडीगढ़।** खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को पलवल शहर के आगरा चौक पर एक करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से किए जाने वाले सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि इस राशि से आगरा चौक पर विभिन्न प्रकार के सौंदर्यीकरण कार्य करवाए जाएंगे। आने वाले समय में पलवल लोगों के लिए मिसाल बनेगा। उन्होंने कहा कि पलवल को भव्य और दिव्य के साथ-साथ साफ और सुंदर बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### शिक्षकों ने की नियमित करने की मांग

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य के आरोही मॉडल स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों ने लंबे समय से लंबित नियमितीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी से हस्तक्षेप की अपील की है।आरोही मॉडल स्कूल स्टाफ एसोसिएशन, हरियाणा राज्य अध्यक्ष मनोज़ कुमार ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2011 में शुरू की गई आरोही मॉडल स्कूल योजना के तहत राज्यभर में 2,232 पदों पर नियुक्तियां की गई थीं। नियुक्ति के समय कर्मचारियों को यह आश्वासन दिया गया था कि पांच वर्ष बाद नियमित कर दिया जाएगा।

## राज्यपाल व सीएम ने भगवान को नमन कर प्रदेशवासियों को दी बधाई

# भगवान विश्वकर्मा सृजन, परिश्रम और कौशल के प्रतीक

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने बुधवार को चंडीगढ़ स्थित राजभवन में विश्वकर्मा दिवस के पावन अवसर पर सृजन एवं शिल्पकला के दिव्य शिल्पकार और देवता भगवान श्री विश्वकर्मा को नमन किया। राज्यपाल के सचिव डीके बेहेरा ने भी इस अवसर पर भगवान श्री विश्वकर्मा को नमन किया। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने इस अवसर पर हरियाणावासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वकर्मा दिवस सभी को कौशल, नवाचार और समर्पण की भावना की याद दिलाता है जो एक प्रगतिशील और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के लिए आवश्यक हैं।



### शिल्पकारों, इंजीनियरों व वास्तुकारों को सराहा

*राज्यपाल ने शिल्पकारों, इंजीनियरों, वास्तुकारों और रचनात्मक व्यवसायों में लगे सभी लोगों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत और सरलता एक विकसित समाज की नींव रखती है। उन्होंने नागरिकों से भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।*

### ■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संत कबीर कुटीर में की भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना



### प्रदेशवासियों की सुख और समृद्धि की कामना

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को भगवान विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर अपने निवास स्थान ' संत कबीर कुटीर' पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित उनको नमन किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, परिश्रम और कौशल के प्रतीक हैं। उन्होंने समाज को शिल्प, निर्माण और निपुणता के माध्यम से प्रगति का मार्ग दिखाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिल्पकार बंधुओं के जीवन में सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ की गई 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' पारंपरिक शिल्पकारों और हस्तशिल्पियों के कौशल को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार ने भी राज्य में कई ऐसी योजनाएं लागू की हैं, जिनसे कारीगरों, तकनीशियनों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण, सहायता और उपकरणों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## हरियाणा दिवस पर प्रदेशवासियों को सौगात देने की तैयारी

# गोहाना, हांसी व डबवाली में से किसी एक को जिला बनाने की घोषणा होने की संभावना

### सरकार के पास अब तक 10 नए जिले बनाने का प्रस्ताव आ चुके, मंत्रियों की कमेटी कर रही मंथन

### असंध, नारायणगढ़, मानेसर, पिहोवा, बरवाला, सफीदों, पटौदी, डबवाली, हांसी व गोहाना शामिल

**चंडीगढ़।** हरियाणा दिवस अर्थात 1 नवंबर को प्रदेश के लोगों को सरकार कई सौगात देने की तैयारी में है। एक तरफ जहां लोगों में विकास की बड़ी योजनाएं मिलने की आस है, वहीं दूसरी तरफ लंबे समय से नए जिलों की घोषणा पर नजर लगाए बैठे लोगों को नया जिला मिलने की आस लगी है। प्रदेश की नायब सैनी सरकार हरियाणा दिवस पर किसी एक नए जिले की घोषणा कर सकती है। ऐसा हुआ तो हरियाणा में जिलों की संख्या बढ़कर 23 हो जाएगी। जानकारी अनुसार इस क्रम में तीन दावे मजबूत हैं। यहां पर उल्लेखनीय है कि अब तक राज्य सरकार के पास 10 नए जिले बनाने का प्रस्ताव आ चुका है। इन जिलों में असंध, नारायणगढ़, मानेसर, पिहोवा, बरवाला, सफीदों, पटौदी, डबवाली, हांसी और गोहाना शामिल हैं।

#### जिले के लिए 4 लाख आबादी व अन्य शर्तों को पूरा होना जरूरी

अब तक पुनर्गठन उप-समिति को 73 प्रस्ताव मिले हैं। इनमें 10 नए जिले, 14 उपमंडल, 4 तहसील और 27 उप-तहसील बनाने के प्रस्ताव हैं। नए जिले के लिए 125 से 200 गांव, 4 लाख से अधिक आबादी और 80 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल होना जरूरी है।समिति ने बैठक कर उपमंडल, तहसील और उप-तहसील बनाने के लिए भी अलग-अलग मानदंड तय किए हैं। बैठक में लिए गए निर्णय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अनुमोदन के लिए भेजे जाएंगे। प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन को लेकर पिछले दिनों कैबिनेट सब कमेटी बैठक हुई थी। इसकी अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने की थी। मंत्री ने कहा था कि सरकार जनता व जनप्रतिनिधियों की मांगों के अनुसार प्रशासनिक इकाइयों का पुनर्गठन करने को प्रतिबद्ध है। कैबिनेट सब कमेटी की इस 5वीं बैठक में बतौर सदस्य शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा व कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे थे।

#### अन्य नए जिलों के गठन में जनगणना के बाद फैसला लिए जाने की उम्मीद, चल रहा काम



कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार कमेटी के अध्यक्ष

मुख्यमंत्री कार्यालय सूत्रों का कहना है कि सबसे पहले गोहाना, हांसी और डबवाली में से किसी एक को जिला बनाने की घोषणा होगी। हालांकि नए जिलों के गठन में जनगणना के बाद फैसला लिए जाने की उम्मीद है। उसके बावजूद गोहाना का दावा ज्यादा मजबूत है, यह शहर अभी सोनीपत जिले में है। गोहाना को जिला बनाने पर सोनीपत, रोहतक और जींद की भौगोलिक स्थिति पर असर पड़ेगा। हांसी हिसार जिले का हिस्सा है। डबवाली अभी सिरसा जिले में है। डबवाली पंजाब की सीमा को छूता है। डबवाली को पहले ही पुलिस जिला बनाया जा चुका है। आखिरी बार साल 2016 में दादरी को जिला बनाया गया था। पहले दादरी भिवानी जिले का हिस्सा था। प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा सीटें बढ़ाने पर जनगणना के बाद फैसला लिया जाएगा।

### ओसाका के महावाणिज्य दूतावास को गीता (जापानी संस्करण) की 100 प्रतियां भेंट

# जापान में गूंज रहा शाश्वत गीता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

भगवान श्री कृष्ण द्वारा मानव जाति के उत्थान के लिए दिया गया शाश्वत गीता का संदेश जापान में गूंज रहा है। जिसको और अधिक बढ़ने के लिए हरियाणा टीम ने जापान के ओसाका स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास के चंद्रू अप्पार को श्रीमद्भागवत गीता (जापानी संस्करण) की 100 प्रतियां भेंट की। ये पत्तियां प्रतियां ओसाका विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर विकास पांडे और कुरुक्षेत्र की वर्तमान टोक्यो निवासी निकिता ने आज आयोजित एक विशेष समारोह में भेंट की। इस कार्यक्रम में केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, मुख्यमंत्री कार्यालय से पवन चौधरी, एचएसआईआईडीसी से संजय गर्ग और हरियाणा सरकार के विदेश सहयोग विभाग की हीना बिंदलिश ने भाग लिया। इस बैठक में जापान और अन्य देशों में गीता के शाश्वत संदेश के प्रसार के लिए गहन विचार विमर्श हुआ। बैठक में ओसाका के सीजीआई ने जापानी छात्रों के लिए ऑनलाइन गीता शिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। हरियाणा टीम ने ओसाका के सीजीआई से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम करने का अनुरोध किया। इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव और आगामी सूरजकुंड मेले में जापानी कलाकार पहुंचेंगे।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का आरोप

# भावांतर योजना कागजों तक सिमटी मंडी में किसानों को ठग रही सरकार

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा सरकार पर किसानों के साथ धोखा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा सरकार की भावांतर योजना और सरकारी खरीद एजेंसी कहां हैं? सरकार द्वारा धान, बाजरा, मूंग और कपास जैसी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ना देकर, किसानों को लगातार ठगा जा रहा है। किसान की फसलें औने-पौने दामों पर बिक रही हैं, लेकिन सरकार व एजेंसियां गायब हैं। यह किसानों के साथ विश्वासघात है। दूसरी तरफ खाद के लिए लंबी कतारें लगी है।

### किसानों को नुकसान



*हुड्डा ने कहा कि नारनौल की मंडियों में बाजरा 1800 से 1850 रुपये प्रति क्विंटल में पिट रहा है, लेकिन सरकारी खरीद एक भी दाने की नहीं हुई। नूंह जिले की मंडियों में भी बाजरे का एक दाना नहीं खरीदा गया। किसानों को 1700-1800 रुपये प्रति क्विंटल से ऊपर एक पैसा नहीं मिला। हिसार की मंडियों का हाल तो और भी बेहाल है। एमएसपी 2775 प्रति क्विंटल होने के बावजूद किसान नुकसान झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिसार की मंडियों में 40,000 टन मूंग पहुंची है, जिसमें से सरकारी एजेंसियों ने एक भी दाना नहीं खरीदा। भिवानी मंडी में भी कपास और बाजरा औने-पौने दामों पर बिक रहे हैं।*

## सांसद सैलजा के पत्र का सीएम ने दिया जवाब

# बोले - 10 हजार सेमग्रस्त भूमि को 5 माह में बनाया जाएगा कृषियोग्य

**फतेहाबाद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा द्वारा फतेहाबाद जिले की सेमग्रस्त भूमि की समस्या को लेकर उठाए गए मुद्दे पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी पत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कुमारी सैलजा को संबोधित करते हुए कहा है कि फतेहाबाद जिले के कई गांवों में सेमग्रस्त भूमि की स्थिति में सुधार हेतु राज्य सरकार गंभीर है और इस दिशा में पहले से किए जा रहे कार्यों को और गति देने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### 16 मई को लिखा था पत्र



*यह जानकारी सांसद कुमारी सैलजा ने बुधवार को जारी एक बयान में दी।बता दें कि फतेहाबाद की सेमग्रस्त भूमि के सुधार को लेकर सांसद कुमारी सैलजा ने 16 मई को सीएम को पत्र लिखा था। जवाब में कहा गया है कि सांसद ने जिन गांवों बनमंदोरी, खाबड़ा कलां, पीलीमंदौरी, बड़ोपल, चबलामोरी, ठुईयां का उल्लेख किया गया था, वहां सोलर प्रचलित कम गहराई वाले ट्यूबवेल्स लगाकर भूमि सुधार कार्य पहले ही प्रारंभ किया जा चुका है। लगभग 10 हजार एकड़ भूमि को पुनः कृषि योग्य बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अब अगली कड़ी में मोहम्मदपुर रोही व आसपास के गांवों में भी सोलर ट्यूबवेल लगाने के निर्देश दिए है।*

## छठ पूजा के लिए जाने वाले यात्रियों को राहत

# अंबाला, पानीपत और गुरुग्राम से बिहार के लिए विशेष बस सेवा शुरू : विज

**चंडीगढ़।** छठ पूजा के लिए बिहार जाने के जिन लोगों को रेल में आरक्षण नहीं मिल सका है, उनको लेकर राहत भरी खबर है। यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए हरियाणा सरकार ने बेगूसराय, पूर्णिया, मधुबनी, पटना और गया के लिए विशेष बस सेवाएं शुरू की हैं। बिहार सरकार के अनुरोध पर अंबाला, पानीपत और गुरुग्राम से 14 वातानुकूलित बसें चलाई गई हैं, जिनमें आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। परिवहन मंत्री अनिल विज ने बुधवार को बताया कि हमें बिहार सरकार से एक पत्र प्राप्त हुआ था। इसमें कहा गया था कि हरियाणा में बड़ी संख्या में कामकाजी बिहार के लोग छठ पूजा पर अपने गृह राज्य जाना चाहते हैं। इस मांग को ध्यान में रखते हुए बिहार के लिए विशेष बसें चलाने का निर्णय लिया गया।उन्होंने कहा कि हरियाणा से बिहार का रूट लंबा होने के कारण वातानुकूलित बसें चलाई गई हैं ताकि यात्रियों को यात्रा के दौरान पूरी सुविधा और आराम मिल सके। हमारा उद्देश्य है कि सभी श्रद्धालु सुरक्षित, समय पर और सुखद यात्रा करते हुए अपने परिवार के साथ छठ पर्व मना सकें। यह बसें बिहार राज्य परिवहन उपक्रम द्वारा निजी आपरेटरों के साथ अनुबंध के माध्यम से संचालित की जा रही हैं।

### बसों के चलने का समय

**अंबाला** : पूर्णिया के लिए सायं चार बजे और साढ़े चार बजे तथा मधुबनी के लिए शाम पांच बजे

**पानीपत** : मधुबनी के लिए दोपहर 12 बजे, दोपहर बाद तीन बजे और सायं पांच बजे

**गुरुग्राम** : राजीव चौक से बेगूसराय के लिए सायं पांच बजे, पटना के लिए सायं छह बजे और गया के लिए शाम सात बजे

## रक्षामंत्री करेंगे डॉमेस्टिक एयरपोर्ट का उद्घाटन, मंत्री विज बोले- तारीख तय होना बाकी

अंबाला एयरपोर्ट का डिजाइन आधुनिक जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया

# पहले चरण में अंबाला से अयोध्या, लखनऊ और जम्मू व श्रीनगर के लिए उड़ानें शुरू होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी में बने नए एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारियां हो रही हैं। इसी साल के अंत तक यहां से घरेलू विमान उड़ान सेवाएं शुरू हो जाएंगी। एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए सभी सुविधाओं की व्यवस्था कर दी गई है। अब बस यहां से विमानों की उड़ान का इंतजार हो रहा है। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए स्वीकृति दे दी है। अब केवल तारीख तय होना बाकी है,जिसके बाद औपचारिक रूप से अंबाला एयरपोर्ट को जनता के लिए खोल दिया जाएगा। विज ने बताया कि अंबाला एयरपोर्ट का निर्माण केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सहयोग से ही संभव हो सका। एयरपोर्ट निर्माण के लिए सेना की भूमि की आवश्यकता थी। रक्षा मंत्री की पहल पर ही वह भूमि नागरिक उड्डयन विभाग को हस्तांतरित की जा सकी। इसी कारण उन्होंने आग्रह किया कि एयरपोर्ट का उद्घाटन भी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ही करें।

### धार्मिक व पर्यटक स्थलों से जुड़ेगा शहर




उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि अब अंबाला से देश के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक हवाई मार्ग से जुड़ने का सपना साकार होने जा रहा है। एयरपोर्ट के प्रारंभिक चरण में अंबाला से अयोध्या, लखनऊ, जम्मू एंड श्रीनगर के लिए उड़ानें शुरू की जाएंगी। यह सभी उड़ानें उड़ान योजना के तहत शुरू की जा रही हैं, जिससे आम जनता को सस्ती और सुगम हवाई सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। विज ने बताया कि अंबाला एयरपोर्ट से यात्रियों को उत्तर भारत के धार्मिक, औद्योगिक और पर्यटन केंद्रों तक सीधा हवाई संपर्क मिलेगा।

### नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तैनात

उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि अब अंबाला से देश के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक हवाई मार्ग से जुड़ने का सपना साकार होने जा रहा है। एयरपोर्ट के प्रारंभिक चरण में अंबाला से अयोध्या, लखनऊ, जम्मू एंड श्रीनगर के लिए उड़ानें शुरू की जाएंगी। यह सभी उड़ानें उड़ान योजना के तहत शुरू की जा रही हैं, जिससे आम जनता को सस्ती और सुगम हवाई सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। विज ने बताया कि अंबाला एयरपोर्ट से यात्रियों को उत्तर भारत के धार्मिक, औद्योगिक और पर्यटन केंद्रों तक सीधा हवाई संपर्क मिलेगा, जिससे शहर के विकास को नई गति मिलेगी। एयरपोर्ट की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रन-वे का निर्माण, टर्मिनल बिल्डिंग, कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था और यात्रियों की सुविधाओं की सभी व्यवस्थाएं अब पूरी तरह से तैयार हैं। नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी यहां पहले ही तैनात कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला एयरपोर्ट का डिजाइन आधुनिक जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है।

### प्रतीक्षालय, कैफेटेरिया, इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग व्यवस्था : अनिल विज



ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय, कैफेटेरिया, इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग व्यवस्था और पर्याप्त पार्किंग स्पेस जैसी सुविधाएं शामिल हैं। अंबाला छावनी का भौगोलिक स्थान बेहद महत्वपूर्ण है। यह हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बीच एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करता है। यहां से सड़क, रेल और अब हवाई मार्ग के माध्यम से देश के लगभग हर हिस्से तक पहुंचना आसान होगा। उन्होंने कहा कि अंबाला की औद्योगिक कनेक्टिविटी भी बहुत मजबूत है- यहां से जगाधरी के मेटल उद्योग, पानीपत के टेक्सटाइल उद्योग, गुरुग्राम के आईटी और ऑटोमोबाइल सेक्टर व अन्य क्षेत्रों के उद्योगों को फायदा होगा।

## बिहार में एनडीए की जीत के लिए हरियाणा भाजपा ने झोंकी ताकत

# मुख्यमंत्री आवास पर उच्चस्तरीय बैठक, बिहार मूल के एक लाख लोगों से किया संपर्क

**चंडीगढ़।** बिहार में एनडीए गठबंधन को जीत दिलाने के लिए हरियाणा भारतीय जनता पार्टी भी पूरा जोर लगा रही है। हरियाणा में रह रहे बिहार राज्य के वोटर वोटिंग के समय बिहार अपनी-अपनी विधानसभा में पहुंचकर अपना वोट करें, इसके लिए हरियाणा भाजपा ने एक प्रोपर योजना बनाई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली के नेतृत्व में भाजपा की पूरी टीम इस पर लगातार कार्य कर रही है। भाजपा के करीब 25 नेता फिलहाल बिहार में मौजूद हैं और एनडीए की जीत के लिए कार्य कर रहे हैं, जबकि हरियाणा में मौजूद बिहार के करीब दो से तीन लाख लोगों से संपर्क करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली के मुताबिक हरियाणा में रह रहे मूल रूप से बिहार निवासी एक लाख लोगों से संपर्क कर उनसे मीटिंग की जा चुकी है। बडौली के अनुसार बिहार के इन सभी लोगों में बिहार चुनाव में एनडीए को वोट करने के लिए उत्साह है।

### कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तैयार



*बुधवार को चंडीगढ़ में सभी प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, प्रभारियों, मोर्चा पदाधिकारियों और बिहार मूल के कार्यकर्ताओं की बैठक मुख्यमंत्री आवास पर बुलाया गई। मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता आदि की उपस्थिति में बिहार चुनाव और आने वाले दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने सृष्टि के महान शिल्पी, देव वास्तुकार भगवान श्री विश्वकर्मा जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री विश्वकर्मा जी से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक में आत्मनिर्भर भारत, माई भारत अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान को लेकर भी पार्टी पदाधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती को भव्य बनाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।*

## खबर संक्षेप

### पराली अवशेष जलाने पर तीन किसानों पर केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग तीन स्थानों पर पराली के अवशेष जलाने पर संबंधित थाना पुलिस ने कृषि विभाग के अधिकारियों की शिकायत पर तीन किसानों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। कृषि कल्याण विभाग के सुपरवाइजर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पराली अवशेष जलाने पर सरकार ने कानून रोक लगाई हुई है।

### 107 किलो ग्राम अवैध पटाखे बरामद

**कालांवाली।** पुलिस ने अवैध रूप से बेच जा रहे 107 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किए। कालांवाली थाना प्रभारी पीएसआई सुनील कुमार ने बताया कि यातायात प्रभारी कालांवाली उप निरीक्षक भूपसिंह बाजार में पैदल गश्त कर रहे थे। इस दौरान शहर में एक पटाखों की स्टाल दिखी। वे मौके पर पहुंचे तो दो व्यक्ति अवैध रूप से शहर में घनी आबादी के बीच लोगों की जान को खतरे में डालकर पटाखे बेच रहे थे।

### बाइक फिसलने से युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**रेवाड़ी।** बुधवार सुबह अहरोद-खोल रोड पर बाइक फिसलने से एक युवक की मौत हो गई। उसका साथी भी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। खोल निवासी 22 वर्षीय मुस्तरद खान बोहका निवासी पंकज के साथ बाइक लेकर अहरोद रोड पर जा रहा था। गांव से कुछ दूर आगे जाने के बाद बाइक संतुलन बिगड़कर सड़क पर गिरकर गई। इस हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को कुंड के एक अस्पताल पहुंचाया, जहां से मुस्तद खान को रेवाड़ी के लिए रेफर कर दिया गया। ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### इंस्टाग्राम पर अन्य आईडी बनाने पर 11 को नोटिस

**रतिया।** सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अपराध से जुड़ी गतिविधियों पर जिला पुलिस द्वारा सख्त निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में सोशल मीडिया प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने सोशल मीडिया पर अपराध को प्रचारित करने वाले खातों पर नजर रखते हुए कार्रवाई की है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इस आईडी को फॉलो करने वाले 11 युवक-युवतियों को नोटिस जारी कर अपराध जांच शाखा, रतिया में तलब किया। सभी 11 लोगों को नोटिस भेजा गया है।

---

**कार्रवाई : सरकारी स्कूलों में करीब चार लाख फर्जी दाखिलों का मामला**

# कालांवाली स्कूल में पहुंची सीबीआई की जांच टीम, खंगाला पुराना रिकार्ड

### वर्ष 2014-15 और 2015-16 में पढ़े बच्चों को बुलाकर ली गई जानकारी

*सरकारी स्कूलों में करीब चार लाख बच्चों के फर्जी दाखिले मामले में सीबीआई की जांच टीम बुधवार को सिरसा जिले के कालांवाली व गांव नुहियांवाली के सरकारी स्कूल में पहुंची और दस्तावेजों की जांच की।*

**» नामांकन संख्या, ग्रांट रजिस्टर, कैशबुक, वर्दी व स्टेशनरी का पूरा ब्योरा जांचा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा के सरकारी स्कूलों में करीब चार लाख बच्चों के फर्जी दाखिले मामले में सीबीआई की जांच टीम बुधवार को सिरसा जिले के कालांवाली व गांव नुहियांवाली के सरकारी स्कूल में पहुंची। इंस्पेक्टर सुखविंदर सिंह के नेतृत्व में सीबीआई चंडीगढ़ की दो अलग-अलग टीमों ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला कालांवाली और राजकीय प्राथमिक पाठशाला नुहियांवालीमें रिकार्ड खंगाला और वर्ष 2014-15 और 2015-16 में इन स्कूलों में होने वाले नामांकन संख्या, ग्रांट रजिस्टर, कैशबुक, वर्दी व स्टेशनरी इत्यादि का पूरा ब्यौरा जांचा। इसके अलावा इस अवधि के दौरान स्कूल से काटे गए करीब 69 विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों से भी गहनता से पूछताछ की गई। साल 2013 में सरकारी स्कूलों में करीब चार लाख फर्जी दाखिलों का मामला सामने आया था। हरियाणा सरकार ने इस पर सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। आरोप है कि मैनुअल दाखिले दिखाकर मिड-डे मील और छात्रवृत्ति का लाभ लिया जा रहा था। साल 2015-16 में एमआईएस पोर्टल पर डेटा अपडेट होने के दौरान यह गड़बड़ी सामने आई थी। जिसको लेकर प्रदेशभर में सीबीआई जांच चल रही है।



सिरसा। राजकीय प्राथमिक पाठशाला कालांवाली में पहुंची सीबीआई की टीम। फोटो : हरिभूमि

#### कई बच्चों की पहचान नहीं होने नहीं होने से दिक्कत

स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि वर्ष 2014-15 के आस-पास स्कूलों में पढ़े विद्यार्थियों को जांच में सत्यापन के लिए बुलाया जा रहा है। करीब 10 साल पहले मिड डे मिल या प्रोत्साहन राशि की सूचनी में जिन विद्यार्थियों के नाम दर्ज थे, अब वो स्कूल छोड़ चुके है। स्कूल का स्टॉफ भी लगभग सारा बदल चुका है, जिसमें कई शिक्षकों का तबादला हो चुका है तो कई रिटायर हो चुके है। उन्होंने बताया कि स्कूल में पहले ही शिक्षकों की कमी है। वे खुद गली-मोहल्लों में जाकर जानकारी जुटा रहे है। इससे बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। कई बच्चों पहचान भी नहीं आ रही।

#### स्कूल छोड़ चुके पूर्व छात्रों को बुलाया

छात्र रोहित निवासी तख्तमल रोड, मंडी कालांवाली ने बताया कि उक्त अवधि के दौरान वह स्कूल में कक्षा दूसरी में था। इस दौरान वह अपने परिवार के साथ हलवाई के काम के लिए सूरतगढ़ राजस्थान में चला गया था। हालांकि कुछ माह बाद उसने आकर दोबारा स्कूल में नाम दर्ज करवा लिया था और कक्षा नौवीं पास करके पढ़ाई छोड़ दी थी। अब वह डेकोरेशन का काम करता है। इसी तरह परमजीत कौर निवासी वार्ड नंबर 2 मंडी कालांवाली ने बताया कि उस दौरान उसके दो बच्चे कक्षा पांचवीं में पढ़ाई करते थे। लेकिन मजदूरी करने के लिए वो संगरिया राजस्थान में चले गए थे। कुछ माह बाद उन्होंने दोबारा एडमिशन करवाकर आगे की पढ़ाई कर ली थी।

#### ज्योति चैथी में थी अब 11वीं में पढ़ाई कर रही

उसकी बेटी अंजलि ने कक्षा बारहवीं करके पढ़ाई छोड़ दी और उसके बेटे साहिल ने कक्षा नौवीं करके पढ़ाई छोड़ दी है। इसी तरह मनजीत कौर निवासी वार्ड नंबर 3 मंडी कालांवाली ने बताया कि हमारे संयुक्त परिवार में करीब 7 बच्चे थे और उक्त अविध के दौरान उसकी बेटी ज्योति कक्षा चैथी में थी। बाकी बच्चे राजकीय गर्ल्स मॉडल सांस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल कालांवाली में जाने के कारण वहां पर उनके साथ ही एडमिशन करवा दिया था। अब उनकी बेटी उसी स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ाई कर रही है।

---

**» चरित्र संदेह के चलते बेटे ने की वारदात**

# कुरुक्षेत्र में कुल्हाड़ी से काटकर मां की हत्या

**» महिला तलाकशुदा थी और अकेले रह रही थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

लाडवा के गांव डुडा में एक नाबालिग बेटे ने अपनी मां के सिर पर कुल्हाड़ी मारकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी बेटा वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना महिला के पड़ोसी ने पुलिस को दी थी। मृतक महिला की पहचान 45 साल की मुकेश निवासी लाडवा के रूप में हुई। कुछ समय पहले ही मुकेश का उसके पति के साथ तलाक हुआ था। तलाक के बाद से महिला अकेले गांव में रहती थी। मृतक महिला मुकेश के दो बेटे है जिनमें एक बेटा उसके साथ व दूसरा बेटा कनाडा में पढ़ाई करता है। पुलिस को दिए गए बयान में हरिचंद ने बताया कि उनकी पड़ोसन मुकेश अपने पति जयभगवान से तलाक के बाद अकेले अपने घर में रहती थी।



लाडवा। महिला की फाइल फोटो।

जयभगवान और मुकेश के दो बेटे हैं। उनका बड़ा बेटा करीब 3 साल पहले पढ़ाई के लिए कनाडा चला गया था, जबकि छोटा बेटा अपनी बुआ के घर में गांव में किरमच में रहता था। आरोपी किशोर 11वीं क्लास का छात्र है। वो लाडवा के सरकारी स्कूल में पढ़ता है। करीब 1 साल पहल तक आरोपी किशोर अपनी बुआ सुमन के पास रहता था। वहां 10वीं क्लास करने के बाद अपने पिता के पास आकर रहने लगा था। करीब एक साल से किशोर अपने पिता और चाचा के साथ रह रहा था।

#### आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज

पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि गांव डुडा में एक बेटे ने अपनी मां की हत्या कर दी है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सीन आफ क्राईम टीम द्वारा मौका का निरीक्षण किया गया। मृतक महिला का एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस को दिए अपने बयान में हरि चन्द वासी डुडा ने बताया कि उसके पडोस में जय भगवान का मकान है। पारिवारिक विवाद के कारण जय भगवान और उसकी पत्नी अलग अलग रहते हैं। जय भगवान का बड़ा लड़का विदेश रहते हैं तथा छोटा बेटा अपने पिता के साथ गांव में ही रहता है। रात को आरोपी बेटे ने कुल्हाड़ी से अपनी मां पर हमला कर दिया। *-डीएसपी लाडवा रणधीर सिंह*

---

**» मायका पक्ष बोला- दहेज के लिए परेशान किया**

# बेटे के साथ सातवीं मंजिल से कूदी नर्स, दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-10 थाना एरिया की सोसाइटी में एक महिला ने अपने तीन साल के बच्चे के साथ सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। सेक्टर-93 चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी पहुंचाया। पुलिस को अभी तक शिकायत नहीं मिली है, जिसके चलते फिलहाल मामला दर्ज नहीं हो सका है। सेक्टर-10 एरिया के वजीरपुर स्थित सिद्धार्थ एन्क्लेव के सिग्नेचर टावर में रहने वाली सरमीता (27 वर्ष) एक निजी अस्पताल में नर्स की नौकरी करती थी। वहीं, उसका पति रोहित यादव निजी कंपनी में नौकरी करता है। सरमीता और रोहित यादव की करीब चार साल पहले शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि शादी के कुछ दिन बाद ही दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा होने लगा था। कई बार मायके वालों ने दंपती से बातचीत करके मामले को सुलझाने का प्रयास किया।

---

**» रेवाड़ी में विश्वास में लेकर वारदात, पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद शुरू की जांच**

# बातों में फंसाकर बेच गया चार लाख का नकली सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

निमोठ निवासी एक किसान को शातिर ठग विश्वास में लेकर पहले सहानुभूति का पात्र बना। इसके बाद वह लगभग आधा किलोग्राम सोने की नकली गिन्नियां देकर 4 लाख की ठगी का शिकार बना गया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर जांच व आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस को दर्ज शिकायत में निमोठ निवासी हरफूल ने बताया कि वह अपने बेटे से मिलने के लिए 7 अक्टूबर को ट्रेन से गुरूग्राम जा रहा था। ट्रेन की सीट पर उसके पास



रेवाड़ी। नकली सोने के सिक्के दिखाता हुआ पीड़ित हरफूल।

आकर बैठे एक युवक ने बातचीत करना शुरू कर दिया। उसने बताया कि वह ठेकेदार के पास मकानों में टाइल लगाने का कार्य करता है। उसने हरफूल से गांव का शुद्ध घी दिलाने की बात कहते हुए उसके नंबर ले लिए। 12 नवंबर को वह उसके घर पर घी लेने के लिए पहुंच गया। इसी दौरान उसने बताया कि वह बाडमेर जैसलमेर का रहने वाला है। उसके पिता ने सारी जमीन गांव के एक व्यक्ति के पास गिरवी रखी हुई है। उसने पहले एक चांदी का सिक्का दिखाया, जो जांच कराने पर असली पाया गया। घी लेकर जाने के बाद उसने 14 नवंबर को फोन पर हरफूल को बताया कि उसके पास एक मकान से निकली हुई सोने की कई गिन्नियां भी हैं। उन्हें गिरवी रखकर वह 4 लाख रुपये लेने चाहता है, ताकि गांव में अपनी जमीन को छुड़वा सके। उसकी बातों में आकर हरफूल उसे पैसे देने के लिए तैयार हो गया।

#### की जा रही जांच

पुलिस को हरफूल की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से ठग का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी को काबू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। -रतनलाल, एसएचओ मॉडल टाउन।

---

### यूजी व पीजी में दाखिले के लिए खोला पोर्टल 27 तक कर सकेंगे

**नारनौल।** हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक (यूजी) व स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन पोर्टल फिर से खोल दिया है। इच्छुक छात्र 27 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना ऑनलाइन आवेदन के किसी भी छात्र को दाखिला नहीं मिलेगा। बता दें कि विभाग ने पहले स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 19 मई से 16 जून तक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए 16 जुलाई से 28 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए थे।

---

# सोनीपतः दो समुदायों में खूनी झड़प, 12 लोग घायल

**बाइक रोकने के विवाद में जमकर चले हथियार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जाजल में मामूली कहासुनी ने बड़ा रूप ले लिया। दो युवकों के बीच हुए झगड़े में दोनों पक्षों के परिवार भी शामिल हो गए, जिससे जमकर मारपीट हुई। झगड़े में कई लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं भी शामिल है। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को पीजीआई खानपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के



सोनीपत। अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे घायल। फोटो : हरिभूमि

अनुसार, जाजल गांव में बाइक पर खड़े दो युवकों से राहगीरों द्वारा रास्ता मांगे जाने को लेकर कहासुनी हो गई। बताया गया है कि उस समय दोनों युवक शराब के नशे में थे। बात बढ़ते-बढ़ते हाथापाई में बदल गई और देखते ही देखते दोनों पक्षों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने लगे। मौके पर हड़कंप मच गया। झगड़े में वसीम, समीर और मोमिन सहित करीब दस लोग घायल हुए, सोहन, योगेश और सुखपाल की हालत गंभीर बताई जा रही है। शिकायत में टिंकू, नवीन, हनुमान, योगेश, भोली, सुखपाल, सोहन, विकास, मुकेश, कृष्ण और सचिन सहित कई अन्य को हमलावर बताया गया है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि झगड़े की शुरुआत वसीम आदि ने की और उन्होंने भी ईंटों व डंडों से हमला कर दिया।


#### की जा रही जांच

गांव में हुए झगड़े को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त कदम उठा रहा है। गांव के लोगों द्वारा इस संबंध में आश्वासन दिया गया है कि आपसी बातचीत से मामले को सुलझा लिया जाएगा। पुलिस जांच कर रही है। **-निधि नैन**, एसीपी, मुरथल।

---

### हरियाणा स्टेट वेयर हाउस के गोदाम में लगी आग दमकल की गाड़ियों ने मशक्कत के बाद काबू पाया

**यमुनानगर।** शहर के कन्हैया साहिब चौक के पास हरियाणा स्टेट वेयर हाउस के गोदाम में बीती रात अचानक आग लग गई। आग से गोदाम के बाहर प्रांगण में पड़े बारदाने व तिरपाल जलकर राख हो गई। दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण जलता पटाखा गिरना माना जा रहा है।



मंगलवार की रात लोग दीपावली पर्व को लेकर आतिशबाजी कर रहे थे। इसी दौरान गोदाम में पटाखा जा गिरा। जिससे वहां रखी तिरपाल व बारदाने में आग लगी। आग तेजी से भड़की। लपटें देखकर आसपास के लोग भी घबरा गए। गोदाम में तैनात कर्मियों ने पहले बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझी। जिसके बाद आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझाया जा सका।

---

### दिवाली कार्यक्रम में गए लेफ्टिनेंट कर्नल के क्वार्टर से चोरी, वारदात के बाद आग लगाई

**अंबाला।** चोरों ने दिवाली के कार्यक्रम में शामिल होने गए लेफ्टिनेंट कर्नल व उनके परिवार के सरकारी आवास के ताले तोड़ने के बाद 10 लाख रुपये के आभूषण चोरी कर लिए और सबूत मिटाने के लिए जाते हुए बेडरूम में आग लगा दी। सेना की हार्डिंग लेन में किसी भी बाहरी व्यक्ति को भीतर जाने की अनुमति तक नहीं है। ऐसे में सरकारी आवास में घुसकर चोरी व आग लगाने की वारदात से सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अंबाला कैंट थाना पुलिस ने लेफ्टिनेंट कर्नल की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित लेफ्टिनेंट कर्नल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सैन्य क्षेत्र में हार्डिंग लाइन स्थित सरकारी आवास में रहते हैं। 19 अक्तूबर को वह अपने परिवार सहित शाम 7 बजे यूनिट ऑफिसर मैस में दिवाली कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हुए थे। रात 12 बजे के करीब पहुंचे तो देखा कि बेड रूम में आग लगी हुई थी। ताला खोलकर भीतर घुसे तो धुएं का गुबार था। गद्दे व अन्य सामान जला हुआ था। उन्होंने पड़ोसी साथी लेफ्टिनेंट कर्नल की मदद से आग को बुझाया। जांच में घर में रखे सोने, चांदी के आभूषण देखे तो गायब मिले व सामान भी बिखरा हुआ था।

**सैन्य एरिया में निरंतर हो रही हैं चोरी की वारदातों से लोगों में रोष**

---

**अच्छी पहल** | **एसडीएम आकाश ने चुहड़पुर में किसान के पराली प्रबंधन कार्य का निरीक्षण किया**

# प्रगतिशील किसान हरविंद्र लाली ने पेश की मिसाल, 10 सालों से नहीं जलाई पराली

*31 एकड़ भूमि पर धान की पराली को सुपर सीडर मशीन द्वारा भूमि में ही मिला दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

गांव चुहड़पुर के प्रगतिशील किसान हरविंद्र सिंह लाली ने अपने 31 एकड़ भूमि पर धान की फसल अवशेष यानि पराली को सुपर सीडर मशीन द्वारा भूमि में ही मिलाकर पराली प्रबंधन की मिसाल पेश कर रहे है। पिछले 10 वर्षों से किसान हरविंद्र सिंह लाली अपने खेतों में पराली को जलाने के बजाय मिट्टी में मिलाकर उसकी उर्वर शक्ति और जैविक गुणवत्ता को बढ़ा रहे हैं। बुधवार को एसडीएम आकाश शर्मा ने गांव चुहड़पुर पहुंचकर किसान हरविंद्र सिंह लाली द्वारा किए जा रहे पराली प्रबंधन कार्य का निरीक्षण किया और अन्य किसानों से अपील की कि वे भी पराली प्रबंधन अपनाकर मिट्टी की उर्वरता बनाए रखें। एसडीएम आकाश शर्मा ने प्रगतिशील किसान सराहना करते हुए कहा कि प्राकृतिक तरीके से पराली को खेतों में ही अवशोषित कर मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने में अहम योगदान दे रहे हैं। प्रगतिशील प्रयासों से न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा, बल्कि खेती में टिकाऊ और लाभकारी परिणाम भी हासिल होंगे।



टोहाना। किसान हरविन्द्र के खेत में पराली प्रबंधन का निरीक्षण करते एसडीएम।

#### पराली जलाने के बजाय खेतों में मिलाने की विधि अपनाएं

उन्होंने कहा यह दूसरे किसानों के लिए भी प्रेरणा है। सुपर सीडर जैसी आधुनिक तकनीकें किसानों को न केवल श्रम और समय की बचत देती हैं, बल्कि भूमि की उपजाऊ क्षमता भी बनाए रखती हैं। उन्होंने सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे पराली जलाने के बजाय इसे खेतों में ही मिलाने की विधि अपनाएं। इससे वायु प्रदूषण में कमी, भूमि की उपजाऊ शक्ति में वृद्धि, और पर्यावरण संरक्षण जैसे कई लाभ एक साथ प्राप्त किए जा सकते हैं।

#### पराली जलाना पर्यावरण व कृषि के लिए हानिकारक

एसडीएम ने कहा पराली जलाना पर्यावरण और कृषि दोनों के लिए गंभीर हानि का कारण है। इससे वायु प्रदूषण फैलता है, जिसके चलते धुंध (स्मॉग) और श्वसन रोग बढ़ जाते हैं। पराली जलाने से मिट्टी की ऊपरी सतह पर मौजूद जीवांश पदार्थ और सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता घटती है। इसके अलावा, भूमि का तापमान असंतुलित हो जाता है और अगली फसल की उपज क्षमता में कमी आती है।

---

**» भीड़ को देखते रेलवे की ओर से चलाई जा रही हैं कई विशेष ट्रेनें**

# छठ पर्व को लेकर अंबाला रेलवे स्टेशन पर रोज आ रहे एक लाख से ज्यादा यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

दीपावली के बाद अब अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर छठ पर्व को लेकर भीड़ बढ़ने लगी है। भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अपनी तैयारियां शुरु कर दी है। रेलवे स्टेशन के अनारक्षित टिकट केंद्र पर अतिरिक्त काउंटर खोलने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन पर भी कर्मचारी की तैनाती कर दी गई है। जल्द ही मोबाइल से टिकट देने की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी जाएगी। रेलवे ने इस सभी सुविधाओं की निगरानी के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। ट्रेन नंबर 4602 फिरोजपुर से 22 अक्तूबर से 19 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को



चलेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 04656 लुधियाना से 22, 23 व 24 अक्तूबर को, 04658 लुधियाना से 22 अक्तूबर को, 04660 लुधियाना से 23 अक्तूबर को और ट्रेन नंबर 04664 लुधियाना से 24 अक्तूबर को रात 8:20 बजे रवाना होकर रात 10:50 बजे अंबाला कैंट और अगले दिन रात 10:40 बजे पटना पहुंचेगी।

#### भीड़ पर रेल प्रबंधक की पैनी नजर

भीड़ प्रबंधन का जायजा लेने के लिए बुधवार सुबह अंबाला रेल मंडल के प्रबंधक विनोद भाटिया अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। यहां उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ स्टेशन पर किए गए प्रबंधों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बताया कि भीड़ प्रबंधन के तहत विशेष ट्रेनों का संचालन लगातार किया जा रहा है। शनिवार को भी दो विशेष ट्रेनें सरहिंद से सहरसा और चंडीगढ़ से कटिहार के बीच चलाई गई थीं। बुधवार को भी चंडीगढ़ से कटिहार और लखनऊ के लिए भी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

